>

Title: Need to confer 'Bharat Ratna' on the legendary playback singer late Shri Mohammad Rafi.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय सभापति जी, आपने मुझे अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। विशेष उल्लेख पर मैं बहुत ही महत्वपूर्ण मामला इस सदन में उठाना चाहता हूं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में अपनी गायकी को लेकर मोहम्मद रफी जी का नाम बहुत ऊंचाइयों पर है और बड़े सम्मानजनक तरीके से उनका नाम लिया जाता है। उनके गाने सदाबहार हैं जो कभी पुराने नहीं हो सकते। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मोहम्मद रफी साहब को मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाए, उससे उन्हें अलंकृत किया जाए ताकि इस देश का सम्मान बढ़े और देश में गायकी को लेकर जो प्ले बैक सिंगर्स हैं, उनका भी मान-सम्मान बढ़े।

श्री पन्ना लाल पुनिया : सभापति महोदय, मैं श्री शैलेन्द्र कुमार जी द्वारा उठाये गये विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।